**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**
**–: अधिसूचना :–**

संख्या–06/प्र०–02(प्रो०/कार्य०)–02/2025– /पटना, दिनांक–

वरीय लेखा अधिकारी, प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय, बिहार, पटना के पत्रांक–GN:150320210505544 (GEN No.-2994/2021-21) द्वारा श्री हरिकेश्वर राम, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता को विभागीय अधिसूचना संख्या–97 दिनांक 30.01.2009 के माध्यम से अधीक्षण अभियंता (असै०) के पद पर प्रदत्त नियमित प्रोन्नति के संदर्भ में यह प्रतिवेदित किया गया कि विभागीय अधिसूचना संख्या–440 दिनांक 06.06.2008 द्वारा श्री राम पर "एक वेतनवृद्धि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक" का दंड अधिरोपित किया गया था, जिसके अनुपालन में दिनांक 01.07.2008 को आदेय वेतनवृद्धि दिनांक 30.06.2009 तक रोकी गयी अर्थात दंडादेश का प्रभाव दिनांक 01.07.2009 को समाप्त हो रहा था। उक्त दंडादेश के प्रभाव की अवधि में ही श्री राम को अधीक्षण अभियंता (असै०) के पद पर प्रोन्नति (दिनांक 30.01.2009 से) स्वीकृत कर दी गयी थी, जो उचित प्रतीत नहीं हो रहा है, साथ ही उक्त के संबंध में समीक्षोपरांत विभागीय निर्णय/मंतव्य संसूचित करने का अनुरोध किया गया।

2. प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय, बिहार, पटना के उक्त पत्र के क्रम में वर्णित मामले के समीक्षोपरांत सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त परामर्श/मंतव्य के आलोक में विचारण हेतु इनके मामले को दिनांक 18.06.2026 को आहूत विभागीय प्रोन्नति समिति (आयोग सहित) की बैठक में रखा गया। विभागीय प्रोन्नति समिति (आयोग सहित) की उक्त बैठक में प्राप्त अनुशंसा निम्नवत् है:–

| क्रमांक | पदाधिकारी का नाम आई०डी०/गृह जिला | वरीयता क्रमांक | विभागीय प्रोन्नति समिति (आयोग सहित) की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री हरिकेश्वर राम 3492/भोजपुर | 317/08 | प्रोन्नति की प्रभावी तिथि दिनांक 30.01.2009 को संशोधित करते हुए दिनांक 01.07.2009 के रूप में परिवर्तित करने हेतु। |

3. विभागीय प्रोन्नति समिति (आयोग सहित) दिनांक 18.06.2026 को आहूत बैठक में प्राप्त अनुशंसा के आलोक में श्री हरिकेश्वर राम (आई०डी०–3492), सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता को स्तंभ–4 में अंकित अधीक्षण अभियंता (असै०) के पद पर प्रदत्त प्रोन्नति को स्तम्भ–5 के अनुरूप निम्नवत् संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | पदाधिकारी का नाम आई०डी०/गृह जिला | वरीयता क्रमांक | अधीक्षण अभियंता (असै०) के पद पर पूर्व प्रदत्त प्रोन्नति की प्रभावी तिथि | अधिसूचना संख्या–97 दिनांक 30.01.2009 द्वारा अधीक्षण अभियंता (असै०) के पद पर पूर्व प्रदत्त प्रोन्नति की संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री हरिकेश्वर राम 3492/भोजपुर | 317/08 | अधिसूचना निर्गत की तिथि **(अधिसूचना संख्या–97 दिनांक 30.01.2009)** | 01.07.2009 |

4. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह०/–
(कुमुद रंजन)
संयुक्त सचिव (प्रबंधन)।

10

ज्ञापांक–06 / प्र०–02(प्रो० / कार्य०)–02 / 2025– / पटना–15, दिनांक–

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, एनेक्सी व्लॉक–3 (भूतल), पुराना सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–06 / प्र०–02(प्रो० / कार्य०)–02 / 2025– / पटना–15, दिनांक–

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को (द्वारा–कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई०टी०, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना) बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह० / –

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–06 / प्र०–02(प्रो० / कार्य०)–02 / 2025– / पटना–15, दिनांक–

प्रतिलिपिः– माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–जल संसाधन मंत्री, बिहार के आप्त सचिव को दो प्रतियों में / सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, निगरानी विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना / परिवहन विभाग, बिहार, पटना / सूचना एवं जन संपर्क विभाग, बिहार, पटना / विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / संयुक्त सचिव (प्रबंधन सहित), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / उप सचिव (प्रबंधन सहित) / अवर सचिव (प्रबंधन सहित), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / संबंधित कोषागार पदाधिकारी / प्रशाखा पदाधिकारी 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 15, 16, 20 22, 23, एवं 24 जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / आई० टी० मैनेजर, जल संसाधन विभाग, पटना **[Common integrated website (www.state.bihar. gov.in)]** पर प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० / –

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–06 / प्र०–02(प्रो० / कार्य०)–02 / 2025– / पटना–15, दिनांक–

प्रतिलिपिः– सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना को उनके पत्रांक–05 / प्रो०–07–51 / 2025–(1065) लो०से०आ० दिनांक 19.06.2026 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह० / –

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–06 / प्र०–02(प्रो० / कार्य०)–02 / 2025– 3186 / पटना–15, दिनांक– 21/07/2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियन्ता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, पटना को (विभागीय वेबसाइट पर प्रकाषित कराने एवं वित्त विभाग को सी० डी० के साथ उपलब्ध कराने हेतु) प्रेषित।

21/7/26

संयुक्त सचिव (प्रबंधन)।